www.printo.it/pediatric-rheumatology/IN_HI/intro

अंग दर्द सिंड्रोम

के संस्करण 2016

९. स्लिपिड कैपिटिल फेमोरल एपीफाईसिस

९.१. यह क्या होता है?

इस तकलीफ में फेमोरल हेड की ग्रोथ प्लेट अपनी जगह से हिल जाती है व् इससे उसके विकास पर असर पड़ता है,इसका कोई कारण ज्ञात नहीं होता।ग्रोथ प्लेट हड्डी का एक मुलायम टुकड़ा होता है जो हड्डी के दो हिस्सों के बीच होता है व् इसी हिस्से से हड्डी का विकास होता है।जब उम्र के साथ ग्रोथ प्लेट में मिनिरल जमा हो जाते हैं व् जब यह स्वतः हड्डी का रूप ले लेती है तब हड्डी का विकास रुक जाता है।

९.२. यह बीमारी कितनी आम है?

यह एक असामान्य बीमारी है जो १ लाख में ३ से १० बच्चों को ही होती है।यह किशोरावस्था में व् लड़कों में अधिक देखी जाती है।मोटापे से शायद यह बीमारी होने का खतरा अधिक होता है।

९.३. इस बीमारी के मुख्य लक्षण क्या हैं?

लंगड़ा कर चलना ,कूल्हे में दर्द होना व् कोले का पूरी तरह से ना हिल पाना,इस बीमारी के मुख्य लक्षण होते हैं।जांघ के ऊपरी २/३ या निचले १/३ हिस्से में दर्द होता है और कुछ गतिविधि करने से दर्द बढ़ जाता है।१५ % बच्चों में यह तकलीफ दोनों कूल्हों में होती है।

९.४.इस का निदान कैसे किया जाता है?

शारीरिक परीक्षण में जब कूल्हे पूरी तरह नहीं हिलते तब इसके बारे में शक किया जाता है।एक्स रे में मेंढक की टांगों की तरह टांगे रख कर इस बीमारी का निदान किया जाता है।

९.५. इसका इलाज कैसे किया जाता है?

इस तकलीफ को हड्डी रोग विशेषज्ञ एक आपातकालीन स्थिति मानते हैं व् इसके इलाज के

कयि ऑपरेशन के द्वारा पनि लगा कर कूल्हे की हलिी हुई हड्डी को वापसि उसकी जगह पर बैठाया जाता है।

९.६. इस बीमारी का प्रोग्नोससि क्या है?

यह प्रत्येक बच्चे में अलग होता है व् इस पर नरि्भर करता है की हड्डी अपनी जगह से कतिनी खसिकी हुई है व् कतिने समय से यह परेशानी है।